कुल पृष्ठों की संख्या – 02 नामांक कुल प्रश्नों की संख्या–30

[SWM]

अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र–2021–22

समय : 2.45 घंटा **विषय : हिन्दी साहित्य** पूर्णांक : 48

कक्षा–12

नोट : 1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।
2. सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।

1 से 5 तक में वांछित शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. मिर्जापुर में पुरानी परिपाटी के वहुत ही प्रतिभाशाली कवि..............रहते थे। 1
2. 'सामिल मैं पीर मै न राखे भेद' पंक्ति................से उद्धत है। 1
3. काव्य की आत्मा 'रस' के अपकर्षक............कहलाते हैं। 1
4. 'भरत–राम का प्रेम' तुलसी कृत रामचरितमानस के................काण्ड से लिया गया है। 1
5. यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी, पंक्ति में 'उसकी' शब्द............के लिए आया है। 1

प्रश्न संख्या 6 से 10 तक के प्रश्नों का उत्तर सही/गलत लिखकर दें।

6. 'देवसेना का गीत' प्रसाद के चन्द्रगुप्त' नाटक से लिया गया है। सत्य/असत्य 1
7. 'मैने देखा एक बूँद' कविता जीवन की क्षणभंगुरता को व्यक्त करती है। सत्य/असत्य 1
8. 'प्रेमधन की छाया स्मृति' के लेखक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी है। सत्य/असत्य 1
9. कवि निराला ने अपनी पुत्री सरोज का तर्पण अपने [illegible]न संचित पुण्य कर्मो के अर्पण द्वारा किया। सत्य/असत्य 1
10. संवदिया हरगोबिन में संवेदन शीलता, आत्मीयता निश्छलता, सछ्दयता आदि गुण नहीं थे। सत्य /असत्य 1

प्रश्न संख्या 11 से 15 तक में उचित विकल्प का चयन कीजिए :–

11. काव्य की आत्मा रस का उत्कर्ष बढ़ाने वाले साधन कहलाते है। 1
(अ) छन्द (व) अलंकार (स) काव्य गुण (द) काव्य दोष ( )
12. 'तदपि दिनहि दिन होत झाँवरे मनहुँ कमल हिममारे।' पंक्ति में कौशल्या किनके झाँवरे (कुम्हलाने) होने की बात कह रही है। 1
(अ) भरत (व) घोड़े (स) हाथी (द) नगरवासी ( )
13. 'वालक वच गया' निवन्ध का मूल प्रतिपाद्य है। 1
(अ) दोपो से वचाना (व) जानवरों से वचना सिखाना
(स) शिक्षा ग्रहण की सही उम्र व रटने की दोषपूर्ण प्रणाली को उजागर करना
(द) शिक्षण में शिक्षकों का योगदान बताना ( )
14. 'ढेले चुन लो' में लेखक ने किस विषय पर प्रकाश डाला है। 1
(अ) अन्धविश्वारी मान्यताओ पर (व) मिट्टी की उवर्तरता पर
(स) ज्योतिपशास्त्र पर (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )
15. समाचार लेखन में प्रयुक्त 6 ककारों में से नहीं है। 1
(अ) कौन (व) क्या (स) कव (द) कभी ( )

निम्ननांकित अति लघुत्तरात्मक प्रश्नों का उत्तर 10 से 20 शब्दों में दीजिए :–

16. 'हेमकुम्भ ले उषा सवेरे' पंक्ति में कौनसा अलंकार है? 1

17. 'दु:ख की जीवन की कथा रही' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है। 1

18. 'पसोवा' नगर किसलिए प्रसिद्ध है। 1

19. 'पर्वतारोहरण संस्थान' से क्या आशय है। 1

20. 'गोकुल तेजित मधुपुर बस रे, कन अपजस लेल।' यहाँ नायिक किस अपयश की वात कर रही है। 1

निम्नांकित लघुत्तरात्मक प्रश्नों का उत्तर 50–60 शब्दों में दीजिए :–

21. भरत का आत्म परिताप उनके चरित्र के किस उज्ज्वल पक्ष की ओर संकेत करता है? 2

22. ''मैं तो केवल निमित्त मात्र था। अरूण के पीछे सूर्य था।'' व्यास जी के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

23. समाचार लेखन की उलटा पिरामिड शैली को समझाइये। 2

24. माधुर्य गुण किसे कहते हैं? सोदाहरण समझाइये। 2

25. 'हेमसुता पतिवाहन प्रिय, तुम इसमें रत्ती न फेर।'' पंक्ति में कौनसा काव्य दोष है? और क्यों स्पष्ट कीजिए। 2

26. बरसाती आँखों के बादल–बनते जहाँ भरे करूणा जल।
लहरे टकराती अनन्त की पाकर जहाँ किनारा।।
उपर्युक्त पंक्तियों में निहित काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। 2

27. 'घड़ी के पुर्जे' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 2

निम्न निबन्धात्मक प्रश्नों का उत्तर 150–200 शब्दों में दीजिए :–

28. 'यह दीप अकेला' कविता में कवि ने दीप और [illegible] के माध्यम से समाज के सम्बन्धों की व्याख्या की है स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

संवदिया हरगोबिन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

29. 'सूरदास उठ खड़ा हुआ आरे विजय–गर्व की तरंग में राख के ढेर को दोनो हाथों से उड़ाने लगा।' इस कथन के सन्दर्भ में सूरदास की मनोदशा का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

''भूप दादा साँप थे, छिपकली थे, वनमानुष थे या रोबोट थे'' कथन के आधार पर भूपसिंह का चरित्र चित्रण कीजिए।

30. निम्नलिखित में से किसी एक पर निवन्ध लिखिए। 5

(अ) राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान

(ब) योग : स्वास्थ्य की कुंजी

(स) कोरोना महामारी के सामाजिक आर्थिक प्रभाव

(द) विद्यार्थी जीवन में इन्टरनेट की भूमिका

❑❑❑